राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने राष्ट्रीय उद्यान से नक्की झील के सौंदर्य को निहारा

आबू के सर्वांगीण विकास के लिए मिल कर प्रयास करें- राज्यपाल

जयपुर, 7 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र मंगलवार सायं को माउंट आबू की नक्की झील पहुंचे। यहां उन्होंने राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र और परिजनों के साथ राष्ट्रीय उद्यान में तिरंगे के समीप से नक्की झील के सौंदर्य को निहारा।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि माउंट आबू सहित यह पूरा क्षेत्र ही प्राकृतिक, ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। यहा पर्यटन की विपुल संभावनाएं हैं, इस क्षेत्र की नैसर्गिक सुंदरता और पारिस्थितिकी को अक्षुण्ण रखते हुए आबू के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिल कर प्रयास करने होंगे।

राज्यपाल की जयपुर वापसी कल

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को माउंट आबू से जयपुर वापसी करेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र बुधवार दोपहर 1:05 बजे आबू रोड रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा प्रस्थान करेंगे और बुधवार रात्रि अनुमानित 8:30 बजे जयपुर पहुंचेगे। वे माउंट आबू राजभवन से सड़क मार्ग द्वारा आबू रोड स्टेशन पहुंचेंगे।